# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 16/10/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** 24 लड़के और एक निश्चित संख्या में कुछ लड़कियाँ एक परीक्षा के लिए उपस्थित होते हैं। लड़कों द्वारा प्राप्त अंकों का औसत 42 था और लड़कियों द्वारा प्राप्त अंकों का औसत 34 था, जबकि उन सभी द्वारा प्राप्त अंकों का औसत 38 था। परीक्षा में कितनी लड़कियाँ उपस्थित हुई थी?

**Ans** A). 26 B). 30 C). 28 D). 24

**Correct Answer: D**

**Q.2** 9 m/s की चाल से चल रही एक जीप में एक चोर सीधी सड़क पर भाग रहा है। एक पुलिस अधिकारी 10 m/s की चाल से मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसका पीछा कर रहा है। यदि वाहन और मोटरसाइकिल के बीच 100 m की तात्क्षणिक दूरी (instantaneous distance) है, तो पुलिस अधिकारी को चोर को पकड़ने में कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 98 s B). 102 s C). 95 s D). 100 s

**Correct Answer: D**

**Q.3** वह न्यूनतम संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 20,25,35 और 40 से भाग देने पर क्रमशः 14,19,29 और 34 शेषफल बचता है।

**Ans** A). 1394 B). 1284 C). 1384 D). 1294

**Correct Answer: A**

**Q.4** एक परीक्षा में चार विषय हैं, जिसमें से प्रत्येक के 100 अंक हैं। एक विद्यार्थी पहले विषय में 78%, दूसरे विषय में 75% और तीसरे विषय में 90% अंक प्राप्त करता है। उसने कुल मिलाकर 85% अंक प्राप्त किए। चौथे विषय में उसके अंकों का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 97% B). 87% C). 81% D). 95%

**Correct Answer: A**

**Q.5** एक कॉलेज के प्रबंधन बैच में दो अनुभाग A और B हैं। अनुभाग A में 22 विद्यार्थी हैं और उनके औसत अंक 75 हैं, जबकि अनुभाग B में 30 विद्यार्थी हैं और उनके औसत अंक 60 हैं। पूरे बैच के औसत अंक क्या हैं? (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)

**Ans** A). 58 B). 59.34 C). 66.35 D). 65.23

**Correct Answer: C**

**Q.6** लोकेश को ₹7,500 के मूलधन पर, साधारण ब्याज सहित, 5 वर्षों में ₹10,500 का मिश्रधन प्राप्त हुआ। यदि ब्याज दर 4% बढ़ा दी जाए तो उसे प्राप्त होने वाली कुल धनराशि क्या होगी?

**Ans** A). ₹11,500 B). ₹12,550 C). ₹12,000 D). ₹12,595

**Correct Answer: C**

Q.7 दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
दी गई तालिका 4 अलग-अलग केंद्रों W, X, Y और Z पर मतदाताओं की संख्या दर्शाती है।

| केंद्र | पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या | मतदान करने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत (पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या में से) |
|---|---|---|
| W | 10,260 | 67 |
| X | 15,320 | 70 |
| Y | 11,450 | 56 |
| Z | 13,394 | 75 |

यदि केंद्र X पर डाले गए अवैध मतों की संख्या, डाले गए मतों की संख्या का 25% थी, तो केंद्र X पर पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या में से कितने प्रतिशत व्यक्तियों ने अवैध मत डाले?

**Ans** A). 20.3% B). 24.5% C). 18.2% D). 17.5%

**Correct Answer: D**

Q.8 17 परिणामों का औसत 62 है। प्रथम आठ परिणामों का औसत 48 है और अंतिम आठ परिणामों का औसत 84 है, नौवें परिणाम को ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 2 B). −2 C). 2.5 D). −1.5

**Correct Answer: B**

Q.9 एक ठोस बेलन का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 352 $cm^2$ है। इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल, इसके सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का आठवाँ भाग (one-eighth) है। बेलन की त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए।
[π = 22/7 प्रयोग कीजिए]

**Ans** A). 8 B). 11 C). 7 D). 9

**Correct Answer: C**

Q.10 एक ट्रेन 120 km/h की चाल से चलती है। यह 60 मिनट में कितने मीटर की दूरी तय करेगी?

**Ans** A). 145000 B). 140000 C). 135000 D). 120000

**Correct Answer: D**

Q.11 रजनीश, अपनी कार को 99 km/h की चाल से 2 घंटे तक चलाता है और फिर एक घंटा आराम करता है। फिर, वह 60 km/h की चाल से 3 घंटे तक कार चलाता है। संपूर्ण यात्रा के दौरान रजनीश की औसत चाल (km/h में) कितनी थी?

**Ans** A). 65 B). 69 C). 63 D). 67

**Correct Answer: C**

Q.12 2 वर्षों के लिए 4% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 280 B). 200 C). 180 D). 240

**Correct Answer: D**

Q.13 एक वस्तु को ₹450 में 15% व्यापार छूट के साथ सूचीबद्ध किया गया है। व्यापार छूट की राशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹52.50 B). ₹382.50 C). ₹67.50 D). ₹517.50

**Correct Answer: C**

Q.14 एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे बाट से 11% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $12\frac{32}{89}\%$ B). $13\frac{33}{89}\%$ C). $14\frac{64}{89}\%$ D). $11\frac{32}{89}\%$

**Correct Answer: A**

**Q.15** एक शंकु के आधार का क्षेत्रफल 7546 $cm^2$ है और वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 7854 $cm^2$ है। शंकु की ऊँचाई (cm में) कितनी है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). $10\sqrt{2}$ B). $7$ C). $22$ D). $10\sqrt{5}$

**Correct Answer: A**

**Q.16** 6 वर्षों के लिए 4% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 760 B). 720 C). 680 D). 660

**Correct Answer: B**

**Q.17** किसी त्रिभुज की ऊँचाई 20% बढ़ा दी जाती है और आधार को 12% बढ़ा दिया जाता है। यदि त्रिभुज का पुराना क्षेत्रफल 200 $cm^2$ था, तो नया क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना है?

Ans A). 268.8 B). 254.4 C). 234.4 D). 216.7


**Correct Answer: A**

**Q.18** 30, 56, 40 और 76 में से क्या घटाया जाए ताकि शेष संख्याएं समानुपाती हो सकें?

Ans A). 10 B). 8 C). 6 D). 4

**Correct Answer: D**

**Q.19** दिए गए बार ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।




1991 से 1992 तक खाद्यान्न उत्पादन में कितने प्रतिशत (% में) की गिरावट आई?

Ans A). 20 B). 25 C). 30 D). 15

**Correct Answer: B**

**Q.20** 12 केलों का क्रय मूल्य, 10 केलों के विक्रय मूल्य के बराबर है। लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans A). 16% B). 24% C). 20% D). 12%

**Correct Answer: C**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** इस प्रश्न में दो कथन और उनके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ छल्ले, गायें हैं।
सभी गायें, सांड हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ सांड, छल्ले हैं।
(II) कुछ छल्ले, सांड हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है B). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है


**Correct Answer: B**

**Q.2** सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। C, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B के दाईं ओर से गिनती करने पर B और C के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, F के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। D, E के ठीक बाईं ओर बैठा है। यदि अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार A से प्रारंभ करके, A के स्थान को अपरिवर्तित रखते हुए सभी व्यक्तियों को दक्षिणावर्त दिशा (clockwise direction) में बैठाया जाए, तो A को छोड़कर कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?


Ans A). एक B). दो C). एक का भी नहीं D). तीन


**Correct Answer: A**


**Q.3** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: B**

---

**Q.4** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 13, 104 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 17, 136 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 23 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 207 B). 92 C). 184 D). 138

**Correct Answer: C**

---

**Q.5** निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा, यदि '−' और '+' को आपस में बदल दिया जाए तथा '÷' और '×' को आपस में बदल दिया जाए?

13 ÷ 4 + 16 × 2 − 21 = ?

**Ans** A). 61 B). 59 C). 65 D). 42

**Correct Answer: C**

---

**Q.6** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3 16 66 201 406 ?

**Ans** A). 410 B). 411 C). 412 D). 409

**Correct Answer: B**

---

**Q.7** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 394 का संबंध 242 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 461 का संबंध 309 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 428 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 276 B). 261 C). 257 D). 282

**Correct Answer: A**

---

**Q.8** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| P A S T E L | S E P L A T | E P L A T D | L T E D P A | ? |

**Ans**

A). Z L T E D P


B). T E D P A L

C). A L T E D Z


D). T E D P A Z


**Correct Answer: D**


**Q.9** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

**Q.10** एक निश्चित कूट भाषा में, 'bring cold water' को 'qh pw ut' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'water is pure' को 'mk zv qh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'water' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

**Ans** A). pw B). qh C). zv D). ut

**Correct Answer: B**

**Q.11** HP21 किसी निश्चित प्रकार से XF34 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, KS72, AI85 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NV39 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). DL55 B). DL52 C). LD55 D). LD52

**Correct Answer: B**

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'JARS' को '3175' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SIDE' को '4832' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 5 B). 8 C). 4 D). 3

**Correct Answer: D**

**Q.13** एक निश्चित कूट भाषा में, 'WILD' को '3197' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LOVE' को '2346' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'L' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 6 B). 3 C). 2 D). 9

**Correct Answer: B**


**Q.14** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**BFL, HLR, NRX, TXD, ?**

**Ans** A). ZJD B). ZDJ C). DZJ D). JDZ

**Correct Answer: B**

**Q.15** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




Ans A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.16** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
60 × 12 − 6 ÷ 4 + 15 = ?

Ans A). 14 B). 11 C). 13 D). 12

**Correct Answer: A**

---

**Q.17** LIFE अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से NKHG से संबंधित है। उसी तरीके से SLOPE, UNQRG से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए DUAL निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). FWDN B). FXDN C). FXCN D). FWCN

**Correct Answer: D**

---

**Q.18** P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। T, V के ठीक दाएँ बैठा है। S, Q के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। U, V और S दोनों का निकटतम पड़ोसी है। P, U के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। R के ठीक बाएँ कौन बैठा है?

Ans A). T B). P C). Q D). S

**Correct Answer: A**

---

**Q.19** एक निश्चित कूट भाषा में, 'POT' को '15-14-19' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SPLIT' को '18-15-11-8-19' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'PERFORM' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 15-4-17-6-14-17-12 B). 15-4-17-5-14-17-13 C). 15-4-17-5-15-17-12 D). 15-4-17-5-14-17-12

**Correct Answer: D**

---

**Q.20** दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। यह मानते हुए कि कथन में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कोई कुर्सी, रिक्लाइनर नहीं है।
कोई रिक्लाइनर, सोफा नहीं है।
कोई रिक्लाइनर, चटाई नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कोई कुर्सी, सोफा नहीं है।
(II) कुछ चटाई, सोफा हैं।

Ans A). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: D**

---

Section : **General Awareness**

**Q.1** सितंबर 2023 में, मॉस्को में ब्रिक्स नवाचार फोरम (BRICS Innovation Forum ) में, निम्नलिखित में से किसे, जो तेलंगाना से मुख्य नवाचार अधिकारी हैं, को विश्व नवाचार पुरस्कार (World Innovation Award) मिला?

Ans A). के. टी. रामा राव (KT Rama Rao) B). शांता थौतम (Shanta Thoutam) C). टी. हरीश कुमार (T Harish Kumar) D). कल्वाकुंतला चन्द्रशेखर राव (Kalvakuntla Chandrashekar Rao)

**Correct Answer: B**

---

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा मंदिर वास्तुकला की नागर शैली का उदाहरण नहीं है?

Ans A). कैलाश मंदिर, काँचीपुरम B). कंदरिया मंदिर, मध्य प्रदेश C). सूर्य मंदिर, कोणार्क D). लिंगराज मंदिर, भुवनेश्वर

**Correct Answer: A**

**Q.3** संगीत सम्राट मियां तानसेन ने बारिश लाने के लिए किस राग की रचना की थी?

Ans A). मेघ मल्हार B). मेघ पुष्प C). मयूरा प्रिया D). शरवरी तरंग

Correct Answer: A

**Q.4** अन्य धर्मों में धर्मांतरित लोगों को पुनः हिंदू धर्म में परिवर्तित करने के लिए शुद्धि आंदोलन निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा शुरू किया गया था?

Ans A). ब्रह्म समाज B). धर्म सभा C). सत्यशोधक समाज D). आर्य समाज

Correct Answer: D

**Q.5** भारत में बजटीय प्रक्रिया में कार्यरत (engaged) सरकारों के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

a. अर्थव्यवस्था में कुल मांग (aggregate demand) के स्तर को स्थिर करना
b. संवैधानिक सिद्धांतों के अनुसार व्यक्तियों की आय का पुनर्वितरण करना
c. नियमित तौर पर लोकतांत्रिक तरीके से नागरिकों से अपील करने के लिए अस्थायी (Floating) योजनाएँ
d. विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए धन आवंटित करना

Ans A). सभी a, b, c और d B). केवल a, b और d C). केवल a और b D). केवल a, b और c

Correct Answer: C

**Q.6** भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश की जनसंख्या सबसे कम है?

Ans A). अण्डमान और निकोबार B). दिल्ली C). लक्षद्वीप D). दमन और दीव

Correct Answer: C

**Q.7** निम्नलिखित में से किसे, एककोशिकीय हरा शैवाल (unicellular green algae) माना जाता है?

Ans A). ओडोगोनियम (Oedogonium) B). क्लैडोफोरा (Cladophora) C). क्लोरोफाईटा (Chlorophyta) D). क्लैमाइडोमोनास (Chlamydomonas)

Correct Answer: D

**Q.8** मेथेनॉल (methanol) की संरचना $CH_3OH$ है। इस प्रकार के निरूपण को ________ के रूप में जाना जाता है।

Ans A). बॉन्ड-लाइन संरचनात्मक निरूपण (bond-line structural representation) B). संघनित संरचनात्मक सूत्र (condensed structural formula) C). संपूर्ण संरचनात्मक सूत्र (complete structural formula) D). वेज-एंड-डैश निरूपण (wedge-and-dash representation)

Correct Answer: B

**Q.9** भारतीय संविधान ने संविधान में संशोधन करने की प्रक्रिया निम्नलिखित में से किस देश से ली है?

Ans A). आयरलैंड B). ऑस्ट्रेलिया C). रूस D). दक्षिण अफ्रीका

Correct Answer: D

**Q.10** 'टेम्पल टेल्स: सीक्रेट्स एंड स्टोरीज ऑफ़ इंडियाज सेक्रेड प्लेसेस (Temple Tales: Secrets & Stories of India's Sacred Places)' के लेखक कौन हैं?

Ans A). मलाथी रामचन्द्रन B). शशि थरूर C). मुल्कराज आनंद D). सुधा जी तिलक

Correct Answer: D

**Q.11** वी. पी. धनंजयन और शांता धनंजयन को निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली के लिए 2009 में रुक्मिणीदेवी मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?

Ans A). ओडिसी B). मोहिनीअट्टम C). भरतनाट्यम D). सत्रिया

Correct Answer: C

**Q.12** हड़प्पा के उत्खनन स्थलों में निम्नलिखित में से क्या नहीं पाया गया था?

Ans A). आवास गृह B). सार्वजनिक स्नान गृह C). सार्वजनिक भवन D). सार्वजनिक अस्पताल

Correct Answer: D

**Q.13** लच्छू महाराज, किस नृत्य शैली से संबंधित है?

Ans A). कथक B). भरतनाट्यम C). मणिपुरी D). ओडिसी

Correct Answer: A

**Q.14** भारत के संविधान में विभिन्न देशों के साथ-साथ __________ के भारत सरकार अधिनियम से कई प्रावधान लिए गए हैं।

Ans A). 1935 B). 1942 C). 1919 D). 1949

Correct Answer: A

**Q.15** भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा किस राज्य से संबंधित हैं?

Ans A). मध्य प्रदेश B). उत्तराखंड C). पंजाब D). राजस्थान

Correct Answer: B

**Q.16** भारतीय जनगणना 2001 के अनुसार, आप्रवासी जनसंख्या का कितना प्रतिशत श्रीलंका से था?

Ans A). 2.9% B). 8.1% C). 7.1% D). 1.6%

Correct Answer: A

**Q.17** स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह भारत के किस शहर से संबंधित हैं?

Ans A). बेंगलुरु B). दिल्ली C). मुंबई D). हरियाणा

Correct Answer: B

Q.18 निम्नलिखित में से कौन सा एक धार्मिक त्योहार नहीं है?

Ans A). गुड फ्राइडे B). मुहर्रम C). गुरु पर्व D). गांधी जयंती

Correct Answer: D

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदूषक, महासागर के अम्लीकरण के लिए उत्तरदायी है?

Ans A). नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$) B). कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) C). सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) D). कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)

Correct Answer: D

Q.20 पूर्व मध्य रेलवे का मुख्यालय निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans A). कानपुर B). गुवाहाटी C). कोलकाता D). हाजीपुर

Correct Answer: D

Q.21 भारत के जलवायु क्षेत्रों की कोप्पेन योजना (Koeppen's Scheme) के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में 'BWhw' और 'BShw' प्रकार की जलवायु पाई जाती है?

Ans A). महाराष्ट्र B). बिहार C). राजस्थान D). आंध्र प्रदेश

Correct Answer: C

Q.22 मांसपेशी कोशिकाएं और मांसपेशी रेशे भ्रूणीय पूर्ववर्ती कोशिकाओं (embryonic precursor cells) से विकसित होते हैं जिन्हें ________ कहा जाता है।

Ans A). पेशीअणु (myocyte) B). पेशी केंद्रक (myonuclei) C). पेशी तंतुक (myofibril) D). पेशीकोरक (myoblasts)

Correct Answer: D

Q.23 धम्म, संस्कृत शब्द 'धर्म' का __________ शब्द है।

Ans A). तमिल B). प्राकृत C). अबहट्टा D). पाली

Correct Answer: B

Q.24 11 अगस्त 2023 को एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 लोकसभा में पेश किया गया था, जो ______________________ में संशोधन करता है।

Ans A). एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (IGST) अधिनियम, 2016 B). एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (IGST) अधिनियम, 2014 C). एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (IGST) अधिनियम, 2015 D). एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (IGST) अधिनियम, 2017

Correct Answer: D

Q.25 'स्त्रीपुरुषतुलना (Streepurushtulna)' नामक पुस्तक निम्नलिखित में से किसने लिखी है?

Ans A). पंडित रमाबाई B). रससुंदरी देवी C). ताराबाई शिंदे D). सरोजिनी नायडू

Correct Answer: C

## Section : English Language and Comprehension

Q.1 Select the INCORRECTLY spelt word in the following sentence.
His performace in the play was outstanding.

Ans A). play B). outstanding C). performace D). His

Correct Answer: C

Q.2 Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.
Please bring two bananas and the piece of cake from the market.

Ans A). two bananas B). from the market C). and the piece of cake D). Please bring

Correct Answer: C

Q.3 Select the most appropriate meaning of the given idiom.
Green thumb

Ans A). Preparing for war B). Being good at growing plants C). To visit the vegetable market D). Indulging in corruption

Correct Answer: B

Q.4 Identify the sentence with the adverbial error.

Ans A). She ran the marathon incredibly fast. B). She ran the incredibly marathon fast. C). She ran incredibly the marathon fast. D). She ran the marathon fast incredibly.

Correct Answer: A

Q.5 Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.

As the orchestra played, the audience was mesmerised by the beautiful melodies.

Ans A). abstracted B). alienated C). dirty D). turbid

Correct Answer: A

Q.6 Select the appropriate option that can substitute the underlined word in the following sentence to make it grammatically correct.

Only the beautiful painting is to be displayed in the exhibition.

Ans A). the most beautiful B). beautiful C). the much beautiful D). more beautiful

Correct Answer: A

**Q.7** **Select the most appropriate option to fill in the blanks.**
**His dog did not _________ when thieves were slashing the _________ of his precious tree.**

**Ans** A). stem B). shout C). bark D). claw

**Correct Answer: C**

**Q.8** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**We / enjoyed lunch / he gave / us.**

**Ans** A). enjoyed lunch B). We C). he gave D). us

**Correct Answer: A**

**Q.9** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.**
**The meteorological department predicted <u>heavy</u> rain over the coming days.**

**Ans** A). Light B). Plentiful C). Drizzly D). Rare

**Correct Answer: A**

**Q.10** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**He couldn't attend the meeting _________ he was sick.**

**Ans** A). so B). because C). although D). but

**Correct Answer: B**

**Q.11** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**Exactly the same words as were used originally.**

**Ans** A). Verbatim B). Precise C). Factual D). Ornate

**Correct Answer: A**

**Q.12** **Select the sentence that has a grammatical error.**

**Ans** A). I have a lot of work to complete. B). A young boy offered her his seat. C). I wish I had eraser to erase all the mistakes in my life. D). This is a very difficult task to accomplish.

**Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the option that rectifies the underlined spelling error.**

**The impacts of climate change on different sectors of society are <u>interelated</u>.**

**Ans** A). interrilated B). interrelated C). enterrelated D). interreleted

**Correct Answer: B**

**Q.14** **Select the correctly spelt word to fill in the blank and make the sentence meaningful.**
**Sheetal has been studying engineering for five years, ___________________ countless hours to her coursework.**

**Ans** A). daidicating B). deddicating C). dedicating D). dedecating

**Correct Answer: C**

**Q.15** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**If you don’t have a lump sum to ______ in a fixed deposit, you can surely opt for a long-term recurring deposit.**

**Ans** A). draw B). publish C). gather D). invest

**Correct Answer: D**

**Q.16** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Proficient**

**Ans** A). Accomplished B). Recalcitrant C). Glamorous D). Callous

**Correct Answer: A**

**Q.17** **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Fatigued**

**Ans** A). Tired B). Furious C). Tricky D). Famous

**Correct Answer: A**

**Q.18** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**A person or entity that is unable to pay debts.**

**Ans** A). Insolvent B). Busted C). Insurgent D). Recluse

**Correct Answer: A**

**Q.19** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**Rahul speaks fluently English / although he makes / quite a lot of mistakes /while writing.**

**Ans** A). quite a lot of mistakes B). although he makes C). Rahul speaks fluently English D). while writing

**Correct Answer: C**

**Q.20 Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.**

**Despite their differences, the counties found common ground and <u>buried the hatchet</u>.**

**Ans** A). To continue a conflict B). To disagree publicly C). To settle a dispute peacefully D). To seek revenge in the future **Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
Sniffer dog Tucker uses (1)________ nose to help researchers find out why a killer whale population off the northwest coast of the United States is (2)________ the decline. He searches for whale faeces floating on the surface of the water, which are then collected for examination. He is one of the elite team members of detection dogs used by scientists studying a (3)________ of species including right whales and killer whales.
Conservation canines are fast becoming indispensable tools for biologists according to Aimee Hurt, associate director and co-founder of Working Dogs for Conservation, (4)________ in Three Forks, Montana.
Over the last few years, though, so many new conservation dog projects have sprung up that Hurt can no (5)________ keep track of them all. Her organisation's dogs and their handlers are fully booked to assist field researchers into 2012.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21 Choose the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans** A). his B). her C). him D). its **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
Sniffer dog Tucker uses (1)________ nose to help researchers find out why a killer whale population off the northwest coast of the United States is (2)________ the decline. He searches for whale faeces floating on the surface of the water, which are then collected for examination. He is one of the elite team members of detection dogs used by scientists studying a (3)________ of species including right whales and killer whales.
Conservation canines are fast becoming indispensable tools for biologists according to Aimee Hurt, associate director and co-founder of Working Dogs for Conservation, (4)________ in Three Forks, Montana.
Over the last few years, though, so many new conservation dog projects have sprung up that Hurt can no (5)________ keep track of them all. Her organisation's dogs and their handlers are fully booked to assist field researchers into 2012.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22 Choose the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans** A). at B). on C). off D). after **Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
Sniffer dog Tucker uses (1)________ nose to help researchers find out why a killer whale population off the northwest coast of the United States is (2)________ the decline. He searches for whale faeces floating on the surface of the water, which are then collected for examination. He is one of the elite team members of detection dogs used by scientists studying a (3)________ of species including right whales and killer whales.
Conservation canines are fast becoming indispensable tools for biologists according to Aimee Hurt, associate director and co-founder of Working Dogs for Conservation, (4)________ in Three Forks, Montana.
Over the last few years, though, so many new conservation dog projects have sprung up that Hurt can no (5)________ keep track of them all. Her organisation's dogs and their handlers are fully booked to assist field researchers into 2012.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23 Choose the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans** A). number B). division C). cacophony D). cadre **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
Sniffer dog Tucker uses (1)________ nose to help researchers find out why a killer whale population off the northwest coast of the United States is (2)________ the decline. He searches for whale faeces floating on the surface of the water, which are then collected for examination. He is one of the elite team members of detection dogs used by scientists studying a (3)________ of species including right whales and killer whales.
Conservation canines are fast becoming indispensable tools for biologists according to Aimee Hurt, associate director and co-founder of Working Dogs for Conservation, (4)________ in Three Forks, Montana.
Over the last few years, though, so many new conservation dog projects have sprung up that Hurt can no (5)________ keep track of them all. Her organisation's dogs and their handlers are fully booked to assist field researchers into 2012.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Choose the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans** A). living B). rested C). surviving D). based **Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Sniffer dog Tucker uses (1)________ nose to help researchers find out why a killer whale population off the northwest coast of the United States is (2)________ the decline. He searches for whale faeces floating on the surface of the water, which are then collected for examination. He is one of the elite team members of detection dogs used by scientists studying a (3)________ of species including right whales and killer whales.

Conservation canines are fast becoming indispensable tools for biologists according to Aimee Hurt, associate director and co-founder of Working Dogs for Conservation, (4)________ in Three Forks, Montana.

Over the last few years, though, so many new conservation dog projects have sprung up that Hurt can no (5)________ keep track of them all. Her organisation's dogs and their handlers are fully booked to assist field researchers into 2012.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Choose the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans** A). lesser B). shorter C). moreover D). longer

**Correct Answer: D**